an>

Title: Need to take action against the offcials of DGCA responsible for unnecessary delay in the registration of the aircraft designed by Captain Amol Yadav.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं दलित समाज के एक लड़के के विषय में बहुत महत्वपूर्ण विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। मेरे मतदान क्षेत्र में बोरिविली चारकोप में कैप्टन अमोल यादव नाम का एक लड़का है जो पाइलट है। इस लड़के ने अपनी पगार में से बचे हुए पैसे से अपनी बिल्डिंग की टैरेस पर एक छः सीटर का प्लेन बनाया। इस प्लेन को पंजीकृत करने के लिए 2011 में अमोल यादव ने डिफैन्स के पास एप्लीकेशन दिया। डिफैन्स के लोगों ने उसे अनदेखा किया, 20 हजार रुपये के ड्राफ्ट भी भरे। 2012 में फिर निवेदन किया लेकिन उसको भी अनदेखा करते हुए जब हमारी सरकार आई, हम लोग पीछे पड़े, तो 2015 में डिफैन्स के लोगों ने यह जवाब दिया कि कैप्टन अमोल यादव ने कोई एप्लीकेशन ही नहीं किया है। आश्चर्य की बात है कि नितिन गडकरी जी इसके लिए प्रयास कर रहे हैं, पर्रिकर जी भी बहुत प्रयास कर रहे हैं। मुम्बई शहर में जो मेक इन इंडिया हुआ, उस मेक इन इंडिया में इस लड़के ने इस प्लेन का भी वहाँ डिमांस्ट्रेशन किया, बहुत सारे लोगों ने इसको देखा। पर्रिकर जी ने स्वयं चारकोप में घर पर जाने के लिए भी समय दिया था लेकिन कुछ कारण से वे जा नहीं पाए।

मैं आपके माध्यम से महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री को धन्यवाद देना चाहूँगा कि उन्होंने कैप्टन अमोल यादव को प्लेन बनाने के लिए, मेक इन इंडिया के लिए धूलिया में एक जगह दी। वहाँ पर वह अभी 12 सीटर का एक प्लेन बना रहा है। अध्यक्ष जी, आश्चर्य की बात यह है कि आज जब हम बाबा साहब अम्बेडकर जी की 125वीं जयन्ती मना रहे हैं, ऐसे समय में दलित समाज का एक लड़का अपने देश को आगे बढ़ाने के लिए इतना बड़ा साहस करता है तो हमारे डिफेंस के लोग उसकी मदद नहीं करते हैं। मैं डिफेंस के बारे में बहुत कुछ कहना नहीं चाहूंगा। वह हमारे लिए बहुत ही सम्माननीय विभाग है, लेकिन डिफेंस में भी अपने देश के होनहार लड़कों को आगे न बढ़ने देने की एक मानसिकता बनी हुई है। विदेश से सारी चीज़ों को यहां पर इम्पोर्ट करना और यह सब यहां चल रहा है। मैं चाहूंगा कि इसे रोका जाए।

मैं आपके माध्यम से डिफेंस मिनिस्टर पर्रिकर जी से मांग करना चाहता हूं कि डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की जयन्ती के पूरा होने से पहले कैप्टन अमोल यादव को पूरा न्याय देकर एक दलित समाज के लड़के के मनोबल को और ऊंचा बनाकर, अपने देश को आगे बढ़ाने के लिए वह जो प्रयास कर रहा है, उसकी मदद करें। यह मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र और कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री गोपाल शेट्टी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।